बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड : आरोपी रियाज की जेल में तबीयत बिगड़ी

आरोपी रियाज को कड़ी सुरक्षा के बीच इलाज के लिये पुलिस जेएलएन अस्पताल लाई

अजमेर, (कासं)। उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड का आरोपी रियाज अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद है। शुक्रवार को आरोपी की जेल में तबीयत बिगड़ने पर कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंची। आरोपी ने आंखों व पेट में तकलीफ बताई थी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस आरोपी को जेल ले गई।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल टेलर की हत्याकांड के आरोपी रियाज की शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत खराब हो गई। रियाज ने जेल प्रशासन को आंखों और पेट की तकलीफ की बात कही। जेल प्रशासन द्वारा आरोपी को भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच हथियाबंद जवानों के साथ पुलिस जेएलएन अस्पताल की मुख्य ओपीडी लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा ली गई पेट की बीमारी को लेकर उसकी सोनोग्राफी कराई। नेत्र रोग विभाग में उसकी आंखों की जांच भी कराई। दोनों जांच के बाद चिकित्सकों ने आवश्यक उपचार व दवाइयों दी। इसके पश्चात सुरक्षाकर्मी पुनः हाई सिक्योरिटी जेल लेकर रवाना हो गए।



कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी को कड़ी सुरक्षा में पुलिस अजमेर के जेएलएन अस्पताल लेकर गई।

जानकारी के अनुसार कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी रियाज और गौस मोहम्मद अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में पिछले दो साल से बंद है। कोर्ट में प्रकरण लंबित है, 150 गवाहों में महज तीन ही गवाह पेश हुए हैं। शुक्रवार को आरोपी के अस्पताल पहुंचने से पहले जेएलएन अस्पताल के नेत्र रोग विभाग सहित सोनोग्राफी कक्ष में हथियारबंद जवानों के साथ अस्पताल परिसर में कोतवाली थाना व सिविल लाइन थाना पुलिस के जवानों को तैनात किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान पुलिस घेरे रहा, इसके पश्चात आरोपी को पुनः जेल ले जाने के बाद पुलिस जाप्ता हटा लिया गया।

- **आंखों व पेट में तकलीफ बताई थी, उपचार के बाद पुलिस आरोपी को जेल ले गई**

एस.पी. ऑफिस के बाहर महिला ने मचाया हंगामा

अजमेर, (कासं)। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में बने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर शुक्रवार को उस समय हंगामा हो गया, जब एक महिला ने हंगामा शुरू कर दिया। महिला हंगामा करते हुए एडिशनल एसपी (सिटी) के कक्ष में घुस गई। सूचना पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस की महिला पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर महिला को पकड़ा और कक्ष से बाहर निकाल कर सिविल लाइन थाने ले गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से पुलिस अधिकारी में खलबली मच गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एसपी ऑफिस के बाहर दोपहर को अज्ञात महिला ने हंगामा मचा दिया। महिला मानसिक रूप से परेशान है। वह अपने बच्चों को अपने पास रखने की मांग को लेकर पहले भी एसपी ऑफिस के बाहर हंगामा मचा चुकी है। सूत्रों का कहना है कि महिला अपने पति और बच्चों के साथ रहती है। मानसिक रूप से सही नहीं होने पर इस तरह की हरकत करने लगती है। महिला द्वारा हंगामा करने पर सूचना मिलते ही मौके पर सिविल लाइन थाने से महिला पुलिस कर्मी पहुंची और अज्ञात महिला को काबू कर अपने साथ थाने ले गई।

सार-समाचार

9 कनिष्ठ अधिकारियों का पदस्थापना

मनमीत सिंह

अजमेर, (कासं)। प्रदेश भर में चयनित 132 विधि अधिकरियों में 11वीं रैंक के मनमीत सिंह मोंगा को जिला कलेक्टर, अजमेर में पदस्थापित किया है। नगरा अजमेर निवासी मनमीत सिंह मोंगा अजमेर जिला सेशन न्यायालय के अधिवक्ता (नोटेरी) हरचरन सिंह मोंगा के सुपुत्र है।

सी.बी.एस.ई. बोर्ड की सीटेट परीक्षा कल

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 7 जुलाई को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा दो पारी में सुबह साढ़े 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2 से सायं साढ़े 4 बजे तक होगी। परीक्षा के सफल और सुचारू संचालन के लिए बोर्ड तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सभी परीक्षा केंद्रों पर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की जा रही है। नकल के मामलों को रोकने के लिए केंद्रीय ऑब्जर्वर एवं अजमेर रीजन स्तर पर फ्लाइंग का गठन किया जा रहा है जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी। शहर में करीब 5 हजार अभ्यर्थी यह परीक्षा देंगे। उल्लेखनीय है कि पहले पेपर की परीक्षा में कक्षा एक से पांचवीं यानी प्राथमिक स्तर के शिक्षक की पात्रता तथा दूसरे पेपर में छठीं से आठवीं कक्षा के शिक्षक की पात्रता को परखा जाता है। बोर्ड ने शुक्रवार को पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए, जिसमें परीक्षा केंद्र एवं परीक्षा के समय आदि का विस्तृत विवरण होगा। ज्ञात रहे कि कुछ दिन पहले ही बोर्ड ने पंजीकृत अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा शहर की अग्रिम सूचना जारी की थी।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

बिजयनगर, (निसं)। दिगंबर जैन मंदिर सथाना बाजार मे गुरुवार को आचार्य श्री विराग सागर महाराज के देवलोक क गमन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए सकल दिगंबर जैन समाज बिजयनगर के अध्यक्ष प्रभाचंद बडजात्या बताया कि आचार्य विराग सागर महाराज जैन समाज की अमूल्य निधि थे। ड़नके देवलोक गमन होने से जैन समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि सभा के बाद 2 मिनट का मौन रखा गया। णमोकार मंत्र जप के साथ श्रद्धांजलि सभा सम्पन हुई।

चारागाह भूमि की ई-नीलामी रोकने की मांग

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिले की पंचायत समिति अरांई ग्राम पंचायत देवपुरी के ग्राम भरला एवं इंदौली स्थित चारागाह भूमि की ईनीलामी रूकवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर नीलामी रूकवाने की मांग की।

पंचायत समिति अरांई ग्राम पंचायत देवपुरी के सरपंच हरिराम सहित ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर डॉ. दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत देवपुरी के ग्राम भरला एवं इंदौली के चारागाह भूमि पर खान एवं भू-विभाग अजमेर की ओर से प्लाट की ईनीलामी हेतु चयन कर कार्यवाही की जा रही है। पंचायती राज नियमों के तहत चारागाह भूमि विकास हेतु ग्राम पंचायत के अधीन है, उक्त भूमि पर विभाग द्वारा ग्राम पंचायत से बिना एनओसी के नीलामी की कार्यवाही की जा रही है, जो नियम विरुद्ध है। सरपंच व ग्रामीणों ने कहा कि विभाग द्वारा ई नीलामी की जाती है तो गांवों की चारागाह भूमि ही समाप्त हो जाएगी, जिससे पशुपालकों को अपने पशुओं के लिए चारा का संकट खड़ा हो जाएग, पशुधन के जीवन संकट में आ जाएगा।

- **ग्रामीणों ने कहा कि विभाग द्वारा ई नीलामी की जाती है तो गांवों की चारागाह भूमि ही समाप्त हो जाएगी**

चांद महोत्सव व धार्मिक आयोजन कल

अजमेर, (कासं)। स्वामी बसन्तराम सेवा ट्रस्ट के सन्त स्वामी रामप्रकाश साई राजूलाल महाराज का जन्मोत्सव प्रेम प्रकाश मंडल के संस्थापक सतगुरू स्वामी टेंउंराम महाराज का 138 वां पांच दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम रविवार को धार्मिक आयोजनों के साथ शुरू होगा। पूज्य सिन्धी पंचायत के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि प्रेम प्रकाश मार्ग वैशाली नगर स्थित आश्रम में स्वामी बंसतराम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्येष्ठ माह के चान्द उत्सव के अवसर पर रविवार को सायं पांच बजे से आयोजन होगा। कार्यक्रम आश्रम के सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री, सन्त स्वामी रामप्रकाश महाराज सन्त स्वामी राजू साईं, सन्त स्वामी जस महाराज के नेतृत्व में आयोजित होंगे।

देवनानी ने दिए अस्पताल प्रशासन को रसोई के लिए जगह तय करने के निर्देश

अजमेर, (कासं)। अजमेर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में आने वाले रोगियों के परिजनों को शीघ्र ही मात्र एक रूपए में पौष्टिक भोजन मिलेगा। जवाहर फाउंडेशन और स्वाभिमान ट्रस्ट से यह भोजन उपलब्ध होगा। अस्पताल में एक हैल्प डेस्क बनेगी, जहां रोगियों को उपचार संबंधी पूर्ण जानकारी व मार्गदर्शन मिलेगा। बारिश के मौसम से मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अस्पताल पूर्णतः तैयार रहेगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन की बैठक ली। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि जवाहर फाउंडेशन और स्वाभिमान ट्रस्ट की ओर से अस्पताल में एक भोजनशाला शुरू की जानी है। इसमें मात्र एक रूपए में भरपेट पौष्टिक भोजन दिया जाएगा। इसके लिए शीघ्र स्थान का चयन करें ताकि रसोई शुरू की जा सके। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में कई मौसमी बीमारियों का प्रकोप होता है। अस्पताल प्रशासन इनकी रोकथाम के लिए पूरी तैयारी रखे। इसी तरह अस्पताल प्रशासन एक हैल्प डेस्क स्थापित करे जहां प्रत्येक मरीज व उसके परिजनों को रोगों से संबंधित विभाग, वार्ड, बिल्डिंग, फ्लोर, डॉक्टर व जांच आदि से संबंधित सम्पूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि हैल्प डेस्क शीघ्र शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में नवनिर्मित वार्डों, 35 करोड़ रूपए की लागत से बने नए शिशु रोग वार्ड एवं इसके बेसमेंट में दो मंजिला पार्किंग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेएलएन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सारी कमियां दूर कर वार्ड को पूर्ण किया जाए। उन्होंने फायर एनओसी शीघ्र लिए जाने के निर्देश दिए। चार मंजिला इस भवन में 224 बैड हैं।

- **अस्पताल के कामकाज और निर्माणाधीन इमारतों की ली जानकारी, हैल्पडेस्क स्थापित होगी, मिलेगी हर जानकारी**

दो की मौत

आसींद, (निसं)। शुक्रवार शंभूगढ़ थाना अंतर्गत सोडार पंचायत के बख्तावरपूरा गांव में रात्रि में सूखे गहरे कुएं में गिरने से दो की मौत हो गई। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि 4 जून रात्रि में सूखे गहरे कुएं में जयदेव गुर्जर उम्र 22 वर्ष व पत्नी पार्वती गुर्जर उम्र 21 वर्ष की गिरने की सूचना मिली जिस पर शम्भूगढ थाना पुलिस जाप्ता व एनडीआरएफ की मदद दोनों शवों को बड़ी मस्कत से बाहर निकाला।

पर्यावरण स्वीकृति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज) के छ्र क्रमांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/ Sectt/ Project/Cat.B1 (23336)/2022-23 जयपुर, दिनांक 20/10/2023 द्वारा मैसर्स सनसाईन ग्रेनाईट्स, निकट ग्राम- चावण्डिया, तहसील-भिनाय, जिला-अजमेर में स्थित खनन पट्टा संख्या 58/2022, क्षैत्रफल 1.5637 हैक्टयर, उत्पादन क्षमता 197148 TPA (ROM) वास्ते खनिज ग्रेनाईट के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी की गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल (राज) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है।

मेसर्स सनसाईन ग्रेनाईट्स

NAME CHANGE

I, GYADIN is Father of Army No. 15772671Y ,Rank :HAV(DS), Name:-KAMLESH SINGH, Residing At Vill:-SAJANKAPURA KURAITHA , Po:-HARIHAR KA PURA, Tehsil :-PORSA, Dist-MORENA, State:-MADHYA PRADESH, Pin:-476115 have change my Name from GYADIN to GYADEEN vide Affidavit No. BW 247544 Dated 05/07/2024 before Court campas Nasirabad

NAME CHANGE

I, SOMVATI BAI is Mother of Army No. 15772671Y ,Rank :HAV(DS), Name:-KAMLESH SINGH, Residing At Vill:-SAJANKAPURA KURAITHA , Po:-HARIHAR KA PURA, Tehsil :-PORSA, Dist-MORENA, State:-MADHYA PRADESH, Pin:-476115 have change my Name from SOMVATI BAI to SOMATA BAI vide Affidavit No. BW 247546 Dated 05/07/2024 before Court campas Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/91349
DATE :- 03.07.2024 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/ 2024-25 /3716
दिनांक 03/07/2024

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती रेखा चपलोत पत्नी श्री राकेश कुमार चपलोत निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5, मेवाडा मार्ग म्यु.नम्बर 2/856 मकान नम्बर 19 प्लाट नं. 11 जसवंत नगर निजी सम्पति क्षेत्रफल 157.77 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री चम्पालाल पुत्र श्री अमरचन्द जी व अन्य के नाम दर्ज है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 06.05.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/91443
DATE :- 03.07.2024 रजि. हक-परित्याग

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/ 2024-25 /3887
दिनांक 05/07/2024

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती इन्द्र चौधरी पत्नी श्री महादेव व श्री गगन चौधरी, गोकुल चौधरी, महेन्द्र चौधरी पुत्र श्री महादेव चौधरी ने क्षेत्र नं. 1 देलवाडा मार्ग मोतिपुरा बाडिया मकान नं. 4 का भाग क्षेत्रफल 264.40 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री महादेव चौधरी पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह के नाम दर्ज है। रजि. हक-परित्याग दिनांक 13.06.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

क्रमांक/न.पा.बि /भूमि/2024/1500 **लोक सूचना** दिनांक : 4.07.2024

श्री महावीर पुत्र श्री माधु भील निवासी विष्णु कॉलोनी, बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला ब्यावर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात –

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला ब्यावर तहसील बिजयनगर	बिजयनगर	994/970	0.0162 हैक्टर, (162.00 वर्गमीटर) आवासीय प्रयोजनार्थ ।

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक...को जारी की गयी ।

प्राधिकारी अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महर्षि दयानन्द कॉलोनी योजना के आवासीय भूखण्ड सख्या बी-77 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति (1) नरेन्द्र सिंह पंवार पुत्र स्व. रामस्वरूप सिंह पंवार निवासी महर्षि दयानन्द कॉलोनी अजमेर की मृत्यु दिनांक 28/7/2018 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसो क्रमश (1) श्रीमती मंजू पंवार पत्नि स्व. नरेन्द्र सिंह पंवार (2) श्रीमती लीना पंवार पुत्री स्व. नरेन्द्र सिंह पंवार पत्नि हेमेन्द्र सिंह (गुडगाँव) (3) लोकेश सिंह पंवार पुत्र स्व. नरेन्द्र सिंह पंवार निवासी M.D कॉलोनी नाका मदार अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सदार श्रीमती मंजू पंवार पत्नि स्व. नरेन्द्र सिंह पंवार निवासी महर्षि दयानन्द कॉलोनी नाका मदार अजमेर के पक्ष मे निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 24/6/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराये, उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अंगदान के लिए किया जागरूक

अजमेर, (कासं)। सरकार द्वारा अंगदान के प्रति जनजागरुकता के लिए जुलाई माह जागरुकता कार्यक्रम निश्चित किया है। शुक्रवार को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में जागरुक कार्यक्रम आयोजत कर जेएलएन अस्पताल अंगदान के नोडल अधिकारी व अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ.श्याम भूतड़ा, डीन एकेडमिक एंड रिसर्च डॉ.संजीव महेश्वरी एवं अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे ने छात्रों और शिक्षकों को अंगदान के महत्व के बारे में बताया।

जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. संजीव माहेश्वरी ने दान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार अंगदान को महादान की श्रेणी में रखा गया है, साथ ही अंगों के अभाव में लोग असामयिक मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। डॉ.श्याम भूतड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत में अंगदान का प्रतिशत अन्य देशों के मुकाबले काफी कम है और कैसे हम सब के प्रयासों से इसके प्रति जागरूकता बढ़ाकर हम वांछित परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

रेंज स्तरीय साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित

अजमेर, (कासं)। वर्तमान में हाईटेक टेक्नोलॉजी के चलते बढ़े साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए साइबरसेल पुलिस कर्मियों को अपराधों से निपटने के लिए शुक्रवार को पुलिस लाइन में अजमेर रेंज के साइबर पुलिस कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ।

अजमेर पुलिस लाइन में शुक्रवार को अजमेर रेंज के सभी साइबर पुलिस कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य टैक्नोलॉजी के युग में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और उन्हें कारगर तरीके से सुरक्षा करने के गुर सिखाए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर ठगी के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आमजन को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान साइबर पुलिस कर्मियोंको नवीनतम तकनीकों और उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में सक्षम हो सकें। इसके अलावा आमजन को भी जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा विशेष अपील की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को अपने व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखना चाहिए और संदिग्ध लिंक या मैसेज से सतर्क रहना चाहिए। आमजन से आग्रह किया जाएगा कि वे अनजान व्यक्तियों से फोन पर बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस प्रशिक्षण के माध्यम से साइबर पुलिसकर्मियों की क्षमता में वृद्धि होगी और वे अधिक प्रभावी ढंग से साइबर अपराधों का मुकाबला कर सकेंगे। आजकल साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे आमजन ठगी के शिकार हो रहे हैं।

- **पुलिस कर्मियों दी ट्रेनिंग**

बौद्धमठ के संस्थापक छाबडा को किया नमन

अजमेर, (कासं)। अजमेर में बौद्धमठ की स्थापना और सर्वधर्म मैत्री संघ की स्थापना करने वाले बौद्धाचार्य राहुल सुमन छाबडा को उनके स्मृति दिवस के अवसर पर नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गुणवन्त राहुल ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि राहुल सुमन छाबडा ने बौद्धमठ की शिक्षाओं से अजमेर में हजारों लोगों को जोड़ा। छाबड़ा ने बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सोनी गुणवन्त राहुल ने बताया कि हम सब संकल्प लेते है कि हम सब अपने जीवन में बुद्ध द्वारा बताए गए पंचशील व आर्य आष्टांगिक मार्ग व विपश्यना का अनुसरण करते हुए अपने जीवन को सफल बनाएंगे। जन सेवा समिति के रमेश लालवानी ने बताया कि राहुल सुमन छाबडा ने सर्वधर्म मैत्री संघ व बौद्धमठ की स्थापना करके अजमेर में भाईचारे एवं कौमी एकता, सदभावना व शान्तिपूर्ण जीवन बौद्धमठ की शिक्षाओं का प्रकाश फैलाया।

सीआईआई-वाईआई के सदस्यों ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की खदानों का दौरा किया

अजमेर, (कासं)। सीआईआई-यंग इंडियंस (वाईआई) अजमेर चैप्टर ने आगूचा, भीलवाड़ा स्थित हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड-रामपुरा आगूचा माइंस (आरएएम) का दौरा किया। शिक्षण मिशन का उद्देश्य दुनिया की सबसे बड़ी जस्ता खदान में से एक रामपुरा अगुचा खदान को देखना और भूमिगत खनन उत्कृष्टता में आने वाली चुनौतियों को जानना था। इसकी अयस्क उत्पादन क्षमता 6.15 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जिसमें सर्वोत्तम श्रेणी का जस्ता-सीसा भंडार ग्रेड 15.8 प्रतिषत है।

यात्रा के दौरान, सीआईआई-यंग इंडियंस (वाईआई) अजमेर चैप्टर के अध्यक्ष, अभिनव तोषनीवाल ने बताया कि हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड-रामपुरा अगुचा माइंस भूमिगत खनन उत्कृष्टता का एक बेंचमार्क है, अगुचा खदान अपने उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे, संचालन, कम्युनिटी एन्गेजमेन्ट, पर्यावरण प्रतिबद्धता, सुरक्षा मानकों, तकनीकी कौशल और नेतृत्व के लिए जानी जाती है। सीआईआई राजस्थान के वरिष्ठ निदेशक और प्रमुख, नितिन गुप्ता ने साझा किया कि यंग इंडियंस (वाईआई) भारत में 68 अध्यायों के साथ युवा भारतीयों के लिए एक पैन इंडिया मंच के रूप में 2002 में गठित सीआईआई का एक अभिन्न अंग है। वाईआई सदस्यता में 21-45 वर्ष की आयु के बीच के युवा प्रगतिशील भारतीय शामिल हैं और इसमें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमी, पेशेवर और उपलब्धियां शामिल हैं। यात्रा के दौरान अजमेर क्षेत्र के 21 प्रमुख युवा उद्यिमयों ने लर्निंग विजिट में भाग लिया। सीआईआई-यंग इंडियंस (वाईआई) अजमेर चैप्टर की सह अध्यक्ष सुसाक्षी अग्रवाल ने साझा किया कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कंपनी के मजबूत फोकस के अनुरूप, हमने अगुचा खदान में ग्रीन फुटप्रिंट को बढ़ाने एवं उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि के साथ अपनी सुरक्षा को बढ़ाने हेतु लिए गये प्रमुख इनिषिएटिव और इंटरवेन्षन देखे।

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/90701
DATE :- 27.06.2024 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/ 2024-25 /3884
दिनांक 05/07/2024

सार्वजनिक सूचना

श्री विनोद कुमार जैन पुत्र श्री हरिश चन्द्र जैन, ने क्षेत्र नं. 8, रूपवानी सिनेमा मार्ग शान्ति टावर दुकान नं. 11सी क्षेत्रफल 80.66, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री चतुर्भुज शर्मा डालचन्द पुत्र श्री आँकारमल शर्मा के नाम दर्ज है। रजि.बेचान-नामा दिनांक 08.07.2019, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/91671
DATE :- 05.07.2024 रजि. बख्शीश-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/ 2024-25 /3888
दिनांक 05/07/2024

सार्वजनिक सूचना

श्री गौतम यादव पुत्र श्री मुकेश यादव ने क्षेत्र नं. 1 मोतिपुरा बाडिया म्यु.नं. 23 नया नम्बर 38 का भाग क्षेत्रफल 45.50 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री अनोप सिंह पुत्र श्री रामजस के नाम दर्ज है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 5.04.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

ट्रेडमार्क को लेकर दो व्यापारी भाई आपस में उलझे

अजमेर, (कासं)। सिलाई मशीन के ट्रेडमार्क को लेकर दो व्यापारी भाईयों का विवाद पुलिस थाने पहुंच गया। शुक्रवार को सीओ साउथ ने केसरगंज स्थित एक दुकान पर कार्रवाई करते हुए दो सिलाई मशीन जब्त की है।

असली ट्रेड मार्क का दावा कर रहे व्यापारी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि सिलाई मशीन का असली ट्रेडमार्क उनके पिता जितेंद्र शुक्ला के नाम रजिस्टर्ड है। जितेंद्र की शिकायत पर उनके भाई बाल किशन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। शुक्ला ने बताया कि 1964 से 2016 तक सिलाई मशीन ट्रेडमार्क उनके दादा के नाम रजिस्टर्ड है। वर्ष 2010 में उनके दादा के नाम ट्रेडमार्क बंद हो गया। वर्ष 2016 में उनके पिता जितेंद्र शुक्ला ने अलग से ट्रेडमार्क ले लिया था, लेकिन उनके ताऊजी बालकिशन उनके रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क का इस्तेमाल करते हुए डुप्लीकेट सिलाई मशीन बनाने लगे और सस्ते दामों पर बेचने लगे। बार-बार बालकिशन को समझाने के बाद भी उसने डुप्लीकेट सिलाई मशीनें बेचना जारी रखा। शुक्रवार को एक ग्राहक जब उनकी दुकान से सिलाई मशीन खरीदने आया और मशीन की कीमत को लेकर ग्राहक ने असहमति जताते हुए कहा कि इसी नाम की मशीन केसरगंज में सस्ते दामों पर बिक रही है।

प्रेमी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला किया, अस्पताल में भर्ती कराया

हमला करने के बाद आरोपी शकील मौके से फरार हो गया

अजमेर, (कासं)। क्रिश्चियनगंज थाना के ईदगाह क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब शुक्रवार को एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल पीड़िता को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस पहुंच गई, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्कर निवासी शबीना अपनी मां शहजादी के साथ शुक्रवार को अपने बच्चों को लेने के लिए अजमेर आई थी। इसी दौरान प्रेमी शकील को सूचना मिल गई। महिला के ससुराल पहुंचने से पहले ही वैशाली नगर ईदगाह के नजदीक आरोपी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हमला करने के बाद आरोपी शकील मौके से फरार हो गया। अचानक हुए हमले से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय निवासियों ने इसकी सूचना क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर